इसे वेबसाईट www.govtpressmp.nic.in से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 37] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 14 सितम्बर 2012—भाद्र 23, शक 1934

विषय-सूची

भाग 1.—(1) राज्य शासन के आदेश, (2) विभाग प्रमुखों के आदेश, (3) उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं, (4) राज्य शासन के संकल्प, (5) भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं, (6) निर्वाचन आयोग, भारत की अधिसूचनाएं, (7) लोक-भाषा परिशिष्ट.

भाग 2.—स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं.

भाग 3.—(1) विज्ञापन और विविध सूचनाएं.
(2) सांख्यिकीय सूचनाएं.

भाग 4.—(क) (1) मध्यप्रदेश विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद् में पुर:स्थापित विधेयक,
(ख) (1) अध्यादेश, (2) मध्यप्रदेश अधिनियम, (3) संसद् के अधिनियम,
(ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अंतिम नियम.

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 7 सितम्बर 2012

क्र. ई.-5-739-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री हीरालाल त्रिवेदी, आयएएस., प्रमुख राजस्व आयुक्त तथा नियंत्रक, शासन मुद्रण एवं लेखन सामग्री, भोपाल को दिनांक 17 से 22 सितम्बर 2012 तक, छः दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा इस अवकाश के साथ दिनांक 15, 16 सितम्बर 2012 एवं 23 सितम्बर 2012 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) श्री हीरालाल त्रिवेदी की अवकाश अवधि में श्री अजीत केसरी, आय.ए.एस., पुनर्वास आयुक्त तथा पदेन सचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, प्रमुख राजस्व आयुक्त तथा नियंत्रक, शासन मुद्रण एवं लेखन सामग्री, भोपाल का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री हीरालाल त्रिवेदी को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न प्रमुख राजस्व आयुक्त तथा नियंत्रक, शासन मुद्रण एवं लेखन सामग्री, भोपाल के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री हीरालाल त्रिवेदी द्वारा प्रमुख राजस्व आयुक्त तथा नियंत्रक, शासन मुद्रण एवं लेखन सामग्री, भोपाल का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री अजीत केसरी, प्रमुख राजस्व आयुक्त तथा नियंत्रक, शासन मुद्रण एवं लेखन सामग्री, भोपाल के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री हीरालाल त्रिवेदी को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री हीरालाल त्रिवेदी अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आर. परशुराम, मुख्य सचिव.

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2012.

विधि और विधायी कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक 31 अगस्त 2012

क्र. फा. 3(बी)6-2011-इक्कीस-ब(एक).—(मेरिट क्र. 1) राज्य शासन, श्री मोहित मिश्रा पुत्र श्री एच. सी. मिश्रा को मध्यप्रदेश निम्नतर न्यायिक सेवा में सिविल न्यायाधीश, वर्ग-2 (प्रवेश स्तर) के पद पर, दो वर्ष की परीवीक्षा पर अथवा अन्य आदेश होने तक अस्थायी रूप से, उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से कनिष्ठ वेतनमान रुपये 27700—770—33090—920—40450—1080—44470 में एतद्द्वारा नियुक्त करता है.

अभ्यर्थी का गृह जिला जबलपुर है. उसकी जन्मतिथि 10 अगस्त, 1984 है.

भोपाल, दिनांक 5 सितम्बर 2012

फा. क्र. 3(बी)6-2011-इक्कीस-ब(एक).—राज्य शासन, एतद्द्वारा, श्री गौरव कुमार आत्मज श्री सुभाष चंद, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-2, मुरैना के न्यायालय के तृतीय अतिरिक्त न्यायाधीश, मुरैना का त्यागपत्र तत्काल प्रभाव से स्वीकृत करता है.

भोपाल, दिनांक 6 सितम्बर 2012

फा. क्र. 1-6-89-इक्कीस-ब(एक)-2657-12.—स्वापक औषधि और मन: प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 (1985 का 61) की धारा 36 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति की सहमति से, एतद्द्वारा, इस विभाग की अधिसूचना फा. क्रमांक 1-6-89-इक्कीस-ब(एक), दिनांक 3 अप्रैल 1998 में, जो मध्यप्रदेश राजपत्र, भाग-1 में दिनांक 17 अप्रैल 1998 को प्रकाशित हुई थी, निम्नलिखित संशोधन करता है, अर्थात्:—

संशोधन

उक्त अधिसूचना में, अनुसूची में, अनुक्रमांक 3 और उससे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर, निम्नलिखित अनुक्रमांक तथा उससे संबंधित प्रविष्टियां स्थापित की जाएं, अर्थात्:—

अनु-क्रमांक	न्यायाधीश का नाम तथा पदनाम	विशेष न्यायालय	स्थानीय क्षेत्र/ सेशन खण्ड
(1)	(2)	(3)	(4)
"3.	श्री एन. पी. सिंह, अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, ग्वालियर.	ग्वालियर	ग्वालियर, राजस्व जिला की भाण्डेर तहसील को छोड़कर.".

यह संशोधन उस तारीख से प्रवृत्त होगा जिसको कि इस अधिसूचना में यथाविनिर्दिष्ट न्यायाधीश उक्त न्यायालय में अपने पद का कार्यभार ग्रहण करें.

F. No. 1-6-89-XXI-B(1)-2657-12.—In exercise of the powers conferred by sub-section (2) of Section 36 of the Narcotic Drugs and Psychotropic Substances Act, 1985 (No. 61 of 1985), the State Government, with the concurrence of the Chief Justice of the High Court of Madhya Pradesh, hereby, makes the following amendment in this Department's Notification F. No. 1-6-89-XXI-B(1), dated 3rd April, 1998, which was published in the Madhya Pradesh Gazette, Part-1, dated 17th April, 1998 namely:—

AMENDMENT

In the said notification in the Schedule for serial number 3 and entries relating thereto, the following serial number and entries relating thereto shall be substituted, namely:—

S.No.	Name and Designation of the Judge	Special Court	Local area/ Session division
(1)	(2)	(3)	(4)
"3.	Shri N. P. Singh, Additional Session Judge, Gwalior.	Gwalior	Gwalior Revenue District excluding Bhander Tehsil of Gwalior.".

This amendment shall come into force from the date on which the Judge as specified in this notification assumes the charge of his office in the said Court.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के. डी. खान, प्रमुख सचिव.

भोपाल, दिनांक 30 अगस्त 2012

फा. क्र. 1-बी-13-04-इक्कीस-ब(दो).—राज्य शासन इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 15 जुलाई 2004 के द्वारा श्री बाबूलाल गवली, अतिरिक्त शासकीय अभिभाषक/ अतिरिक्त लोक अभियोजक, जिला शाजापुर, तहसील आगर को नियुक्त किया गया था.

श्री बाबूलाल गवली, अतिरिक्त शासकीय अभिभाषक/ अतिरिक्त लोक अभियोजक, जिला शाजापुर, तहसील आगर की आयु 62 वर्ष पूर्ण हो जाने के कारण उन्हें राज्य शासन विधि विभाग नियमावली 2008 के नियम 20 के अन्तर्गत आदेश जारी होने के दिनांक से तत्काल पदमुक्त करता है.

फा. क्र. 1-बी-13-04-इक्कीस-ब(दो).—राज्य शासन इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 15 जुलाई 2004 के द्वारा श्री गोवर्धन लाल सोनी, अतिरिक्त शासकीय अभिभाषक/ अतिरिक्त लोक अभियोजक, जिला शाजापुर को नियुक्त किया गया था.

श्री गोवर्धन लाल सोनी, अतिरिक्त शासकीय अभिभाषक/ अतिरिक्त लोक अभियोजक, जिला शाजापुर की आयु 62 वर्ष पूर्ण हो जाने

के कारण उन्हें राज्य शासन विधि विभाग नियमावली 2008 के नियम 20 के अन्तर्गत आदेश जारी होने के दिनांक से तत्काल पदमुक्त करता है.

भोपाल, दिनांक 6 सितम्बर 2012

फा. क्र. 17 (ई)-323-2010-इक्कीस-ब(दो).—विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 (1987 का संख्यांक 39) की धारा 28 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए और मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति के परामर्श से राज्य सरकार, एतद्द्वारा, मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नियम, 1996 में निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात्:—

संशोधन

उक्त नियमों में, नियम 20 में शब्द, अंक तथा कोष्ठक "रुपये 50,000/- (रुपये पचास हजार)" के स्थान पर शब्द, अंक तथा कोष्ठ "रुपये 1,00,000/- (रुपये एक लाख)" स्थापित किए जाएं.

In exercise of the powers conferred by Section 28 of the legal Service Authorities Act, 1987 (No. 39 of 1987), and in consultation with the Chief Justice of the Madhya Pradesh High Court, The State Government hereby makes the following amendment in the Madhya Pradesh State Legal Service Authority Rules, 1996, namely:—

AMENDMENT

In the said rule, in rule 20, for the words, figures and bracket "Rupees 50,000/- (Rupees Fifty Thousand)" the words, figures and bracket "Rupees 1,00,000/- (Rupees One Lack)" shall be substituted.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अनिल वर्मा, सचिव.

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 10 जुलाई 2012

क्र. एफ-5-12-2011-उन्तीस-2.—राज्य शासन, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 (1986 की सं. 68) की धारा 10 की उपधारा (1-क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए चयन समिति की सिफारिश पर जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण फोरम्स में उनके पदभार ग्रहण करने की तारीख से निम्नांकित को सदस्य के रूप में नियुक्त करता है:—

क्र.	नाम	जिला
(1)	(2)	(3)
1	श्री कोमलचंद्र जैन	हरदा

2. जिला उपभोक्ता फोरम के सदस्य प्रत्येक कार्य दिवस पर पूर्वान्ह 10.30 बजे से अपरान्ह 4.00 बजे तक जिला उपभोक्ता फोरम में उपस्थित रहेंगे. उन्हें यह भी निर्देशित किया जाता है कि वे बिना उपयुक्त कारण के फोरम की बैठक में तीन बार अनुपस्थित रहते हैं तो उन्हें पद से हटाने की कार्यवाही की जावेगी. सदस्य को केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेना अनिवार्य होगा.

भोपाल, दिनांक 16 जुलाई 2012

क्र. एफ-5-12-2011-उन्तीस-2.—राज्य शासन, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 (1986 की सं. 68) की धारा 10 की उपधारा (1-क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, चयन समिति की सिफारिश पर जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण फोरम्स में उनके पदभार ग्रहण करने की तारीख से निम्नांकित को सदस्य के रूप में नियुक्त करता है:—

क्र.	नाम	जिला
(1)	(2)	(3)
1	श्रीमती मनोरमा शर्मा	टीकमगढ़
2	श्रीमती विद्या व्यास	उज्जैन
	श्री पुरूषोत्तम तिवारी	उज्जैन

2. जिला उपभोक्ता फोरम के सदस्य प्रत्येक कार्य दिवस पर पूर्वान्ह 10.30 बजे से अपरान्ह 4.00 बजे तक जिला उपभोक्ता फोरम में उपस्थित रहेंगे. उन्हें यह भी निर्देशित किया जाता है कि वे बिना उपयुक्त कारण के फोरम की बैठक में तीन बार अनुपस्थित रहते हैं तो उन्हें पद से हटाने की कार्यवाही की जावेगी. सदस्य को केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेना अनिवार्य होगा.

भोपाल, दिनांक 8 अगस्त 2012

क्र. एफ-5-12-2011-उन्तीस-2.—राज्य शासन, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 (1986 की सं. 68) की धारा 10 की उपधारा (1-क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, चयन समिति की सिफारिश पर जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण फोरम्स में उनके पदभार ग्रहण करने की तारीख से निम्नांकित को सदस्य के रूप में नियुक्त करता है:—

क्र.	नाम	जिला
(1)	(2)	(3)
1	श्री नरेन्द्र कुमार जैन	देवास

2. जिला उपभोक्ता फोरम के सदस्य प्रत्येक कार्य दिवस पर पूर्वान्ह 10.30 बजे से अपरान्ह 4.00 बजे तक जिला उपभोक्ता फोरम में उपस्थित रहेंगे. उन्हें यह भी निर्देशित किया जाता है कि वे बिना उपयुक्त कारण के फोरम की बैठक में तीन बार अनुपस्थित रहते हैं तो उन्हें पद से हटाने की कार्यवाही की जावेगी. सदस्य को केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेना अनिवार्य होगा.

क्र. एफ-11-5-2006-उन्तीस-2.—राज्य शासन द्वारा मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन मेमोरन्डम एण्ड आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन के आर्टिकल्स 81(ए) (सी) (डी) के अन्तर्गत मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड के संचालक मण्डल में संचालक के पद पर श्रीमती दिपाली रस्तोगी तत्कालीन आयुक्त-सह-संचालक, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, मध्यप्रदेश, भोपाल के स्थान पर श्री उमाकांत उमराव, आयुक्त-सह- संचालक, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मध्यप्रदेश, भोपाल को संचालक मण्डल में संचालक मनोनीत किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
सुबोध रेगे, उपसचिव.

श्रम विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 30 अगस्त 2012

क्र. एफ-14-2-2012-ए-सोलह.—भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवा शर्त विनियमन) अधिनियम, 1996 (1996 का 27) की धारा 16 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए, तथा इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक 31-8-ए-सोलह, दिनांक 10 जनवरी 2008 जो मध्यप्रदेश राजपत्र में दिनांक 11 जनवरी 2008 को प्रकाशित की गई थी, में आंशिक संशोधन करते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल द्वारा गठित निधि में, भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकारों द्वारा प्रथम पंजीयन की अवधि 3 वर्ष के स्थान पर 5 वर्ष करती है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
संजीव श्रीवास्तव, उपसचिव.

भोपाल, दिनांक 30 अगस्त 2012

क्र. एफ-14-2-2012-ए-सोलह.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा, प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
संजीव श्रीवास्तव, उपसचिव.

Bhopal, the 30th August 2012

No. F-14-2-2012-A-XVI.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 16 of the Building and Other Construction Workers (Regulation of Employment and Conditions of Service) Act, 1996 (No. 27 of 1996), The State Government, hereby, makes the partial amendments in this Department's Notification No. 31-08-A-XVI, dated 10th January 2008, which was published in the Official Gazette dated 11th January 2008 and specify the period of five years instead of three years for the first registration being made by the Building and Other Construction Workers in the fund constituted by the Madhya Pradesh Building and Other Construction Workers Welfare Board.

By order and in the name of the Governor of
Madhya Pradesh,
SANJEEV SHRIVASTAVA, Dy. Secy.

उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 3 सितम्बर 2012

क्र. एफ-9-2-2006-अट्ठावन.—राज्य शासन द्वारा मध्यप्रदेश राज्य कृषि उद्योग विकास निगम के मेमोरेन्डम एण्ड आर्टिकल ऑफ एसोसिएशन के आर्टिकल्स-74(ए) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, निगम के संचालक मण्डल में श्रीमती रश्मि अरूण शमी के स्थान पर श्री अनुराग श्रीवास्तव, आयुक्त-सह-संचालक, संचालनालय उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी को सदस्य मनोनित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
टी. आर. काटवाले, अवर सचिव.

किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 6 सितम्बर 2012

क्र. डी-7-2-2012-चौदह-3.—मध्यप्रदेश ट्रेक्टर द्वारा खेती (प्रभारों की वसूली) अधिनियम, 1972 (क्रमांक 9 सन् 1973) की धारा 7 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार,

एतद्द्वारा, मध्यप्रदेश ट्रेक्टर द्वारा खेती (प्रभारों की वसूली) नियम, 1981 में निम्नलिखित और संशोधन करती है, अर्थात्:—

संशोधन

उक्त नियमों में नियम 7 के स्थान पर निम्नलिखित नियम स्थापित किया जाए, अर्थात्:—

"7 ट्रेक्टर द्वारा की गई खेती संबंधी प्रभारों का मापमान— ट्रेक्टर द्वारा की गई खेती संबंधी प्रभारों का मापमान निम्नानुसार होगा:—

(क) समस्त कृषि कार्य, जो विभिन्न अश्वशक्ति के व्हील टाईप ट्रेक्टरों द्वारा किया जाना हो (इनमें परिवहन सम्मिलित नहीं है):—

1. 40 अश्वशक्ति तक के ट्रेक्टर.	रु. 285/- प्रति घंटा
2. 41 अश्वशक्ति या उससे अधिक अश्वशक्ति के ट्रेक्टर.	रु. 410/- प्रति घंटा

(ख) परिवहन कार्य:—

1. 40 अश्वशक्ति तक के व्हील टाईप ट्रेक्टर.	रु. 10/- प्रति किलोमीटर
2. 41 अश्वशक्ति या उससे अधिक अश्वशक्ति के व्हील टाईप ट्रेक्टर.	रु. 15/- प्रति किलोमीटर

2. यह संशोधन इस अधिसूचना के जारी होने के दिनांक से प्रवृत्त होगा.".

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
विजय पण्डित, उपसचिव.

भोपाल, दिनांक 6 सितम्बर 2012

क्र. डी-7-2-2012-चौदह-3.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 6 सितम्बर 2012 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा, प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
विजय **पण्डित**, उपसचिव.

Bhopal, the 6th September 2012

No.D-7-2-2012-XIV-3.—In exercise of the powers conferred by Section 7 of the Madhya Pradesh Tractor Dwara Kheti (Prabharo Ki Vasuli) Adhiniyam, 1972 (No. 9 of 1973), the State Government hereby makes the following further amendment in the Madhya Pradesh Tractor Dwara Kheti (Prabharo Ki Vasuli) Niyam, 1981, namely:—

AMENDMENT

In the said rules, for rule 7, the following rule shall be substituted, namely:—

"7. Scale of Tractor Cultivation Charges, The scale of Tractor Cultivation charges shall be as follows:—

(a) All the Agricultural works which are to be performed using Tractors of different horsepower. (It does not include transportation):—

1. Tractors upto 40 horsepower.	Rs. 285/- per hour
2. Tractors of 41 horsepower or above.	Rs. 410/- per hour

(b) Transportation works:—

1. Wheel Type Tractors upto 40 horsepower	Rs. 10/- per Kilometer
2. Wheel Type Tractors of 41 horsepower or above.	Rs. 15/- per Kilometer

2. This amendment shall come in to force with effect from the date of issue of this notification.".

By order and in the name of the Governor of
Madhya Pradesh,
VIJAY PANDIT, Dy. Secy.

भोपाल, दिनांक 3 सितम्बर 2012

क्र. डी-15-17-2012-चौदह-3.—चूंकि, राज्य शासन ने मध्यप्रदेश कृषि उपज मण्डी अधिनियम, 1972 (क्रमांक 24 सन् 1973) की धारा 3 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अधीन जारी की गई, इस विभाग की अधिसूचना क्र. डी-15-17-2012-

चौदह-3, दिनांक 19 जुलाई 2012 के द्वारा रायसेन जिले की तहसील सिलवानी में समाविष्ट समस्त राजस्व एवं वन ग्रामों के क्षेत्र में कृषि उपज के क्रय-विक्रय को विनियमन करने के लिए सिलवानी में पृथक् मण्डी स्थापित करने की आशय संज्ञापित किया था.

अतएव, कृषि उपज मण्डी अधिनियम, 1972 (क्रमांक 24 सन् 1973) की धारा 4 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, उक्त अधिनियम के प्रयोजन के लिये उक्त अधिनियम की अनुसूची में विनिर्दिष्ट की गई कृषि उपज के संबंध में रायसेन जिले की तहसील सिलवानी के समस्त राजस्व एवं वन ग्रामों के क्षेत्र में कृषि उपज के क्रय-विक्रय को विनियमन करने के लिए सिलवानी में पृथक् मण्डी स्थापित करती है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
हेमराज सिंह, अवर सचिव.

भोपाल, दिनांक 3 सितम्बर 2012

क्र. डी-15-17-2012-चौदह-3.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 3 सितम्बर 2012 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा, प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
हेमराज सिंह, अवर सचिव.

Bhopal, the 3rd September 2012

No.D-15-17-2012-XIV-3.—WHEREAS, vide this Department's Notification dated 17th July 2012 issued under the provision of sub-section of Section (1) of Section 3 of Madhya Pradesh Krish Upaj Mandi Adhiniyam, 1972 (No. 24 of 1973) the State Government had declared its intention to establish a separate market at Silwani (including all revenue and forest villages of Tehsil Silwani) in Raisen District for regulating the purchase and sale of Agricultural produce mentioned in the Schedule of the said Act.

NOW, THEREFORE, in exercise of the powers conferred by Section 4 of the Madhya Pradesh Krish Upaj Mandi Adhiniyam, 1972 (No. 24 of 1973), the State Government hereby establish a separate market at Silwani (including all revenue and forest villages of the Tehsil Silwani in Raisen District) for regulating the purchase and sale of the Agricultural produce mentioned in the Schedule of the Act.

By order and in the name of the Governor of
Madhya Pradesh,
HEMRAJ SINGH, Under Secy.

भोपाल, दिनांक 3 सितम्बर 2012

क्र. डी-15-17-2012-चौदह-3.—चूंकि, राज्य शासन ने मध्यप्रदेश कृषि उपज मंडी अधिनियम, 1972 (क्रमांक 24 सन् 1973) की धारा 3 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अधीन जारी की गई, इस विभाग की अधिसूचना क्र. डी-15-20-92-चौदह-3, दिनांक 19 दिसम्बर 1996 द्वारा जिला रायसेन की गैरतगंज मंडी क्षेत्र में (जो इसके पश्चात् "उक्त मंडी क्षेत्र" के नाम से निर्दिष्ट है) में सम्मिलित तहसील सिलवानी के ग्राम सिलवानी में स्थापित उपमंडी में निर्दिष्ट कृषि उपजों के क्रय-विक्रय को विनियुक्त किया था.

और, चूंकि, राज्य सरकार ने मध्यप्रदेश कृषि उपज अधिनियम, 1972 (क्रमांक 24 सन् 1973) की धारा 70 की उपधारा (1) के खण्ड-3 के उपबन्धों के अधीन जारी की गई इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक डी-15-17-2012-चौदह-3, दिनांक 19 जुलाई 2012 द्वारा रायसेन जिले की गैरतगंज मंडी की सिलवानी तहसील स्थित ग्रामों में समाविष्ट क्षेत्र (जो इसके पश्चात् "उक्त क्षेत्र" के नाम से निर्दिष्ट है) को विपाटित करके "उक्त मंडी क्षेत्र" की सीमाओं के परिवर्तन करने का आशय संज्ञापित किया था.

अतएव, मध्यप्रदेश कृषि उपज मण्डी अधिनियम, 1972 (क्रमांक 24 सन् 1973) की धारा 71 की उपधारा 2 के खण्ड-ग द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य सरकार एतद्द्वारा इस अधिसूचना के मध्यप्रदेश राजपत्र में प्रकाशित होने के दिनांक से रायसेन जिले की गैरतगंज मंडी को "उक्त क्षेत्र" से विपाटित करके "उक्त मण्डी क्षेत्र" की सीमाओं के परिवर्तन करने का आशय संज्ञापित करती है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
हेमराज सिंह, अवर सचिव.

भोपाल, दिनांक 3 सितम्बर 2012

क्र. डी-15-17-2012-चौदह-3.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 3 सितम्बर 2012 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा, प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
हेमराज सिंह, अवर सचिव.

Bhopal, the 3rd September 2012

No.D-15-17-2012-XIV-3.—WHEREAS, by this Department's Notification No. D-15-20-92-XIV-3 dated 19th December 1996 issued under section 3 of sub-section 1 of the Madhya Pradesh Krishi Upaj Mandi Adhiniyam 1972 (No. 24 of 1973) the State Government had declared its intention to regulate the purchase and sale of agricultural produce, mentioned in the schedule of the said Act, in the area of Geratganj mandi of Raisen District (herein after referred to as the "said market area").

AND, WHEREAS, as by this department's Notification No. D-15-17-2012-XIV-3, dated 19th July 2012 issued under the provison of clause (iii) of sub-section (1) of Section 70 of the Madhya Pradesh Krishi Upaj Mandi Adhiniyam, 1972 (No. 24 of 1973), the State Government had declared its intention to alter the limit of the "said market area" by splitting it up from the area comprising of villages situated at Silwani in Raisen district (herein after referred to as the "said area").

NOW, THEREFORE, in exercise of the powers conferred by clause (c) of sub-section (2) of Section 71 of the madhya Pradesh Krishi Upaj Mandi Adhiniyam 1972 (No. 24 of 1973), the State Government hereby establish a separate market at Silwani in Raisen District by spelitting the "said market area" from the "said area".

By order and in the name of the Governor of
Madhya Pradesh,
HEMRAJ SINGH, Under Secy.

भोपाल, दिनांक 3 सितम्बर 2012

क्र. डी-15-17-2012-चौदह-3.—चूंकि, राज्य शासन ने मध्यप्रदेश कृषि उपज मण्डी अधिनियम, 1972 (क्रमांक 24 सन् 1973) की धारा 5 की उपधारा (2) के खण्ड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 3 सितम्बर 2012 द्वारा स्थापित कृषि उपज मण्डी समिति सिलवानी के अन्तर्गत मण्डी क्षेत्र के निम्नलिखित स्थान, उस पर बने समस्त संरचना, अहाता, खुला स्थान या परिक्षेत्र को मण्डी प्रांगण घोषित करती है, अर्थात्:—

स्थान

ग्राम पंचायत सिलवानी तहसील सिलवानी, जिला रायसेन में स्थित शासकीय कृषि प्रक्षेत्र सिलवानी की निम्नलिखित खसरा क्रमांक भूमि की 15 एकड़ भूमि का क्षेत्रः—

क्रमांक	खसरा क्रमांक	क्षेत्रफल (एकड़ में)
(1)	(2)	(3)
1.	396,397/2	1.00
2.	392/2	14.00
	योग . .	15.00

जिसकी सीमाएं

उत्तर में—कृषि फर्म

दक्षिण में—भूमि स्वामी बजाज

पूर्व में—सड़क शासकीय

पश्चिम में—कच्चा रास्ता

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
हेमराज सिंह, अवर सचिव.

भोपाल, दिनांक 3 सितम्बर 2012

क्र. डी-15-17-2012-चौदह-3.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 3 सितम्बर 2012 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
हेमराज सिंह, अवर सचिव.

Bhopal, the 3rd September 2012

No. D-15-17-2012-XIV-3.—In exercise of the powers conferred by clause (a) of sub-section (2) of Section 5 of the Madhya Pradesh Krishi Upaj Mandi Adhiniyam, 1972 (No. 24 of 1973), the State Government hereby declares that the following area including all structures, enclosure, open places or locality in the market area for which a market at Silwani has been established by this Department's Notification even No. dated 3rd September 2012 shall be the market yard namely:—

PLACE

An area of 15.00 Acre land of Khasra Number 396, 397/2, 392/2 at Gram Panchayat Silwani in

Tehsil Silwani of district Raisen:—

S. No.	Khasra No.	Area (in Acres)
(1)	(2)	(2)
1.	396, 397/2	1.00
2.	392/2	14.00
	Total.	15.00

BOUNDED BY

On the North by—Krishi Farm

On the South by—Land of Bajaj

On the East by—Government Road

On the West by—Kachcha Rasta

By order and in the name of the Governor
of Madhya Pradesh,
HEMRAJ SINGH, Under Secy.

भोपाल, दिनांक 3 सितम्बर 2012

क्र. डी-15-17-2012-चौदह-3.— मध्यप्रदेश कृषि उपज मण्डी अधिनियम, 1972 (क्रमांक 24 सन् 1973) की धारा 5 की उपधारा (2) के खण्ड (ख) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 3 सितम्बर 2012 के अधीन घोषित मंडी प्रांगण के संबंध में मंडी क्षेत्र सिलवानी जिला रायसेन के निम्नलिखित क्षेत्र को मूल मंडी क्षेत्र घोषित करती है:—

क्षेत्र

(1) ग्राम पंचायत सिलवानी तहसील सिलवानी, जिला रायसेन की सीमाओं के भीतर का क्षेत्र.

(2) मूल मंडी प्रांगण से 5 किलोमीटर की परिधि के भीतर आने वाले निम्नलिखित ग्रामों को समाविष्ट करता हुआ क्षेत्र :—

1. जमुनिया परमसुख, 2. रम्पुरा, 3. बेंगमा कला, 4. बेंगमा खुर्द, 5. खनपुरा, 6. आमापानी, 7. नूरपुरा, 8. रानीपुरा, 9. जुनिया, 10 काकोली, 11 भोडिया, 12, नीगरी, 13. कठेली, 14. चीचोली, 15 डुगरिया, 16. चंदपुरा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
हेमराज सिंह, अवर सचिव.

भोपाल, दिनांक 3 सितम्बर 2012

क्र. डी-15-17-2012-चौदह-3.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 3 सितम्बर 2012 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
हेमराज सिंह, अवर सचिव.

Bhopal, the 3rd September 2012

No. D-15-17-2012-XIV-3.—In exercise of the powers conferred by clause (b) of sub-section (2) of Section 5 of the Madhya Pradesh Krishi Upaj Mandi Adhiniyam, 1972 (No. 24 of 1973), the State Government hereby declare that, for the market yard notified vide this department's Notification even number dated 3rd September, 2012, the following area of Silwani in district Rasen, Shall be the main market yard:—

AREA

(1) An area within the limit of Gram Panchayat Silwani in Tehsil Silwani of District Raisen.

(2) An area comprising of the following villages within the radius of 5 kilometers from the main marker yard namely:—

(i) Jamunia Paransukh, (ii) Rampura, (iii) Bagmakalan, (iv)Bagmakhurd, (v) Khanpura (vi) Amapani, (vii) Noorpura, (viii) ranipura, (ix) Juniya, (x) Kaokoli, (xi) Bhodiya, (xii) Neegri, (xiii) Khatali, (xiv) Chicholi, (xv) Dungriya, (xvi) Chandpura.

By order and in the name of the Governor
of Madhya Pradesh,
HEMRAJ SINGH, Under Secy.

भोपाल, दिनांक 3 सितम्बर 2012

क्र. डी-15-19-2012-चौदह-3.— चूंकि, राज्य शासन ने मध्यप्रदेश कृषि उपज मण्डी अधिनियम, 1972 (क्रमांक 24 सन् 1973) की धारा 5 की उपधारा (2) के खण्ड (ख) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, उपमंडी क्षेत्र पठारी, जिला विदिशा के निम्नलिखित क्षेत्र को मूल उपमंडी क्षेत्र घोषित करती है:—

क्षेत्र

(1) ग्राम पंचायत पठारी, तहसील कुरवाई, जिला विदिशा की सीमाओं के भीतर का क्षेत्र.

(2) उप मंडी प्रांगण से 5 किलोमीटर की परिधि के भीतर आने वाले निम्नलिखित ग्रामों को समाविष्ट करता हुआ क्षेत्र :—

1. पठारी, 2. पिपरिया, 3. चंदनपुर, 4. जमोनिया, 5. जाजपोन, 6. छपारा, 7. किशनपुर, 8. जारौली, 9. मथुरापुर, 10. अंधियार बावड़ी, 11. बरखेड़ा पठारी, 12. वीरपुर, 13. सेमरखेड़ी, 14. बड़ोह, 15 पटरा, 16, पदमयाई, 17. कांकलखेड़ 18. हासमपुर, 19. खड़ाखेड़ी, 20 पीरोठा, 21. चन्दूली, 22. सेदपुर, 23. चोपड़ा, 24. खजूरिया, 25. विसराहा, 26. रामगढ़ 27. परसोरा, 28. बावईकला, 29. चीलपहाड़ी, 30. मनेशा, 31. बगोदा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
हेमराज सिंह, अवर सचिव.

भोपाल, दिनांक 3 सितम्बर 2012

क्र. डी-15-19-2012-चौदह-3.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 3 सितम्बर 2012 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
हेमराज सिंह, अवर सचिव.

Bhopal, the 3rd September 2012

No. D-15-19-2012-XIV-3.—In exercise of the powers conferred by clause (b) of sub-section (2) of Section 5 of the Madhya Pradesh Krishi Upaj Mandi Adhiniyam, 1972 (No. 24 of 1973), the State Government hereby declared that, the following area of Kurvai Tehsil of district Vidisha shall be proper sub market yard:—

AREA

(1) An area within the limit of Gram Panchayat Pathari in Tehsil Kurvai of District Vidisha.

(2) An area comprising of the following villages within the radius of 5 kilometers from the sub marker yard namely:—

(i) Pathari, (ii) Pipariya, (iii) Chandanpur, (iv) Jamoniya, (v) jaajpon (vi) Chhapara, (vii) Kishanpur, (viii) Zarouli, (ix) Mathurapur, (x) Andhiyarpur Bavadi, (xi) barkheda Pathari, (xii) Veerpur, (xiii) Semerkhedi, (xiv) Badoh, (xv) Patra, (xvi) Padamyai, (xvii) Kankalkhed, (xviii) hasampur, (xix) Khedakhedi, (xx) Peerotha, (xxi) Chanduli, (xxii) Sedpur, (xxiii) Chopra, (xxiv) Khajuriya, (xxv) Vishraha, (xxvi) Ramgarh, (xxvii) Persora, (xxviii) Baavaikala, (xxix) chilpahadi, (xxx) Menesha (xxxi) Bagouda.

By order and in the name of the Governor of Madhya Pradesh,
HEMRAJ SINGH, Under Secy.

गृह विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 4 सितम्बर 2012

क्र. एफ-1(ए)-93-05-ब-2-दो.—श्री डी. पी. सिंह, भापुसे, पुलिस उप महानिरीक्षक, होमगार्ड, जबलपुर को दिनांक 24 सितम्बर 2012 से 19 अक्टूबर 2012 तक छब्बीस दिवस अर्जित अवकाश दिनांक 23 सितम्बर 2012 एवं 20, 21 अक्टूबर 2012 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ स्वीकृत करते हुये राज्य शासन द्वारा उन्हें खण्ड वर्ष 2010-13 के प्रथम ब्लाक वर्ष 2010-2011 के विस्तार वर्ष 2012 में गृह नगर अवकाश यात्रा के बदले में भारत भ्रमण की पात्रता के तहत सपत्नीक "तिरुअनंतपुरम्" अवकाश यात्रा पर जाने की अनुमति प्रदान की जाती है:—

1. श्री डी. पी. सिंह, -स्वयं
2. श्रीमती सरोज सिंह -पत्नी

(2) उक्त अवकाश अवधि में श्री डी. पी. सिंह, भापुसे, पुलिस उप महानिरीक्षक, होमगार्ड, जबलपुर का कार्य श्री विशद तिवारी, अतिरिक्त प्रधान सेनानी, होमगार्ड मध्यप्रदेश जबलपुर द्वारा अपने कार्य के साथ-साथ संपादित किया जायेगा.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री डी. पी. सिंह, भापुसे, को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न पुलिस उप महानिरीक्षक, होमगार्ड, जबलपुर के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री डी. पी. सिंह, भापुसे, पुलिस उप महानिरीक्षक, होमगार्ड जबलपुर का कार्यभार ग्रहण करने पर उक्त कण्डिका (2) में अतिरिक्त कार्यभार संपादित करने हेतु निर्देशित अधिकारी स्वमेव अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री डी. पी. सिंह, भापुसे, को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री डी. पी. सिंह, भापुसे, अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
इंद्रनील शंकर दाणी, अपर मुख्य सचिव.

विभाग प्रमुखों के आदेश

कार्यालय, कलेक्टर (श्रम शाखा), मण्डला, मध्यप्रदेश

मण्डला, दिनांक 25 जनवरी 2012

क्र. 01-2012.—बंधक श्रम प्रथा (समाप्ति) अधि. 1976 की धारा 10 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए, मैं के. के. खरे, कलेक्टर, मण्डला बंधक श्रम प्रथा (समाप्ति) अधि. 1976 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत जिला स्तरीय सतर्कता समिति तथा धारा 13(3) के अन्तर्गत अनुभाग स्तरीय सतर्कता समिति का पुनर्गठन एतद्द्वारा करता हूं:—

जिला स्तरीय सतर्कता समिति जिला मण्डला, मध्यप्रदेश

धारा 13 (2) खण्ड (क) के अनुसार—

(1) अपर जिला दण्डाधिकारी, मण्डला मध्यप्रदेश — अध्यक्ष

धारा 13 (2) खण्ड (ख) के अनुसार—

(1) श्री बसोरी, ग्राम चरगांव, विकासखंड बीजाडाडी तहसील निवासी, जिला मण्डला. — सदस्य
(2) श्री जमुना भगत मु.ग्रा. झण्डाटोला, विकास-खण्ड मोहगांव तहसील जिला मण्डला. — सदस्य
(3) श्री चुन्नीलाल झारिया, मु. ग्रा. लिंगापोडी, विकासखण्ड मण्डला, जिला मण्डला. — सदस्य

धारा 13 (2) खण्ड (ग) के अनुसार—

(1) श्री जगदीश ठाकुर, बिछिया, जिला मण्डला — सदस्य
(2) श्री भगत राय, मु. ग्रा. ग्वारा, जिला मण्डला — सदस्य

धारा 13 (2) खण्ड (घ) के अनुसार—

(1) पुलिस अधीक्षक, मण्डला, जिला मण्डला — सदस्य
(2) मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत मण्डला. — सदस्य
(3) सहायक आयुक्त/जिला संयोजक, आदिम जाति कल्याण, मण्डला. — सदस्य

धारा 13 (2) खण्ड (च) के अनुसार—

(1) लीड बैंक मैनेजर, मण्डला — सदस्य

1. अनुविभागीय स्तरीय सतर्कता समिति, अनुविभाग मण्डला

धारा 13 (2) खण्ड (क) के अनुसार—

(1) अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मण्डला — अध्यक्ष

धारा 13 (3) खण्ड (ख) के अनुसार—

(1) श्रीमति सिया बाई शाह पति श्री शिवशाह, सदस्य कृषि उपज मण्डी. — सदस्य
(2) श्री भीष्म द्विवेदी, आ. श्री के. एल. द्विवेदी जनपद सदस्य, जनपद पंचायत मण्डला. — सदस्य
(3) श्री मनोज फागवानी आत्मज श्री जे. डी. फागवानी अधिवक्ता, मण्डला. — सदस्य

धारा 13 (3) खण्ड (ग) के अनुसार—

(1) श्री दीपक सिंधिया आत्मज विपत लाल सिंधिया डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड, मण्डला. — सदस्य
(2) श्री दशरथ सिंह आत्मज श्री विष्णु प्रसाद सैयाम, सरपंच ग्राम पंचायत, मानादेही. — सदस्य

धारा 13 (3) खण्ड (घ) के अनुसार—

(1) मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत मण्डला. — सदस्य

धारा 13 (3) खण्ड (च) के अनुसार—

(1) शाखा प्रबंधक स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, मण्डला. — सदस्य

धारा 13 (3) खण्ड (छ) के अनुसार—

(1) तहसीलदार, मण्डला — सदस्य

2. अनुविभाग स्तरीय सतर्कता समिति, अनुविभाग अधिकारी, नैनपुर

धारा 13 (3) खण्ड (क) के अनुसार—

(1) अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नैनपुर, जिला मण्डला, मध्यप्रदेश. — अध्यक्ष

धारा 13 (3) खण्ड (ख) के अनुसार—

(1) श्री अखिलेश शुक्ला, नैनपुर, जिला मण्डला — सदस्य

(2) श्री केसरी पटैल, नैनपुर जिला मण्डला सदस्य
(3) श्रीमती ओमवती उइके, सरपंच ग्राम पंचायत रामदेवरी, तहसील नैनपुर, जिला मण्डला. सदस्य

धारा 13 (3) खण्ड (ग) के अनुसार—

(1) श्री गम्मत सिंह ठाकुर, ग्राम जामगांव, तहसील नैनपुर, जिला मण्डला. सदस्य
(2) श्री सुखदेव ठाकुर, ग्राम मानेगांव, तहसील जिला मण्डला. सदस्य

धारा 13 (3) खण्ड (घ) के अनुसार—

(1) मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, नैनपुर. सदस्य

धारा 13 (3) खण्ड (च) के अनुसार—

(1) शाखा प्रबंधक, स्टेट बैंक आफ इंडिया, नैनपुर सदस्य

धारा 13 (3) खण्ड (छ) के अनुसार—

(1) तहसीलदार, नैनपुर सदस्य

3. अनुविभाग स्तरीय सतर्कता समिति, अनुविभाग, बिछिया

धारा 13 (3) खण्ड (क) के अनुसार—

(1) अनुविभागीय अधिकारी, (राजस्व) अध्यक्ष

धारा 13 (3) खण्ड (ख) के अनुसार—

(1) श्री निरंजन सिंह मरकाम, मु. ग्राम-घुघरी, तहसील बिछिया, मण्डला. सदस्य
(2) श्री अशोक नानकानी, बिछिया, जिला मण्डला. सदस्य
(3) सुश्री भगवती बाई पिता फूलसिंह ग्राम मदनपुर घुघरी, तहसील बिछिया, मण्डला. सदस्य

धारा 13 (3) खण्ड (ग) के अनुसार—

(1) श्री मुन्ना लाल मरकाम, ग्राम खुर्सीपार, पोस्ट-मंगली, तहसील बिछिया, जिला मण्डला. सदस्य
(2) श्री सुरेश झारिया, आत्मज श्री डुमरा झारिया, बिछिया, जिला मण्डला. सदस्य

धारा 13 (3) खण्ड (घ) के अनुसार—

(1) अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस), तहसील बिछिया, जिला मण्डला. सदस्य
(2) मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत बिछिया, जिला मण्डला. सदस्य

धारा 13 (3) खण्ड (च) के अनुसार—

(1) शाखा प्रबंधक, स्टेट बैंक आफ इंडिया, बिछिया सदस्य

धारा 13 (3) खण्ड (छ) के अनुसार—

(1) तहसीलदार, बिछिया सदस्य

4. अनुविभागीय स्तरीय सतर्कता समिति, अनुविभाग, निवास

धारा 13 (3) खण्ड (क) के अनुसार—

(1) अनुविभागीय अधिकारी, (राजस्व) निवास अध्यक्ष

धारा 13 (3) खण्ड (ख) के अनुसार—

(1) डॉ. विनय सर्वटे, ग्रा. जबेरा, पो.आ. देवरीकला बबलिया, तहसील निवास, जिला मण्डला. सदस्य
(2) श्री कमलेश जैन, मुकाम निवास, तहसील निवास, जिला मण्डला. सदस्य
(3) श्री जाकिर हुसैन, ग्राम बीजाडांडी, तहसील निवास, जिला मण्डला. सदस्य

धारा 13 (3) खण्ड (ग) के अनुसार—

(1) श्री संतोष सोनी, निवास जिला मण्डला सदस्य
(2) श्रीमति प्रेमवती कुशरे, ग्राम जबेरा, तहसील निवास, जिला मण्डला. सदस्य

धारा 13 (3) खण्ड (घ) के अनुसार—

(1) मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत निवास. सदस्य
(2) मंडल संयोजक, आदिमजाति विभाग, निवास सदस्य
(3) थाना प्रभारी, निवास (मण्डला) सदस्य

धारा 13 (3) खण्ड (च) के अनुसार—

(1) शाखा प्रबंधक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, निवास सदस्य

धारा 13(3) खण्ड (छ) के अनुसार—

(1) तहसीलदार, निवास

के. के. खरे, कलेक्टर.

कार्यालय, कलेक्टर (भू-अभिलेख), जिला इंदौर, मध्यप्रदेश

इंदौर, दिनांक 27 अगस्त 2012

क्र. 2573-भू-अभि-बंधक श्रमिक-2012.—बन्धक श्रम प्रथा समाप्ति अधिनियम, 1976 की धारा-13 सहपठित नियमों के अधीन जिला स्तरीय एवं खण्ड स्तरीय सतर्कता समिति का गठन निम्नवत किया जाता है:—

जिला स्तरीय समिति

1.	कलेक्टर अथवा उनके द्वारा नामांकित व्यक्ति	अध्यक्ष
2.	श्री वसंत पारगी, निवासी पालदा, जिला इन्दौर, अ.ज.जा.	सदस्य
3.	श्री शैलेष पिता अमृतलाल नि. सेवामार्ग, महू, अ.जा.	सदस्य
4.	श्री चतर पिता लालसिंह, नि. मेंढकवास, तह. देपालपुर, अ.ज.जा.	सदस्य
5.	श्री कालूसिंह गुजरवाड़ी, नि. गोहान, तहसील हातोद.	सदस्य
6.	श्री कैलाश पिता काशीनाथ पिपले, सामाजिक कार्यकर्ता नि. 150, नवलक्खा चौराहा, इन्दौर.	सदस्य
7.	पुलिस अधीक्षक, जिला इन्दौर.	सदस्य
8.	सहायक श्रमायुक्त, इन्दौर, मध्यप्रदेश	सदस्य
9.	सहायक आयुक्त/जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग.	सदस्य
10.	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत	सदस्य
11.	मैनेजर, बैंक ऑफ इण्डिया, शाखा, इन्दौर (अग्रणी बैंक).	सदस्य

खण्ड स्तरीय सतर्कता समिति

(1) अनुविभाग (राजस्व) इन्दौर

1.	अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), इन्दौर	अध्यक्ष
2.	अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस), इन्दौर	सदस्य
3.	श्रीमती सोमबाई पटेल, नि. अमलाझिरी, गेहली तहसील इन्दौर, अ.ज.जा.	सदस्य
4.	श्री किरण बिलोरिया, नि. भिचौलीहप्सी, तहसील इन्दौर अ.जा.	सदस्य
5.	श्री सालगराम मालवीय, नि.काजीपलासिया अ.जा.	सदस्य
6.	श्री घनश्याम वर्मा, नि. विलावली, तह. इन्दौर सामाजिक कार्यकर्ता.	सदस्य
7.	श्री मुकेश पंवार, भिचौलीहप्सी, तह. इन्दौर सामाजिक कार्यकर्ता.	सदस्य
8.	कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, इन्दौर	सदस्य
9.	वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी, विकास खण्ड इन्दौर.	सदस्य
10.	शाखा प्रबंधक बैंक ऑफ इण्डिया, शाखा इन्दौर	सदस्य
11.	तहसीलदार, तहसील इन्दौर	सदस्य

(2) अनुविभाग (राजस्व) डॉ. अम्बेडकर नगर

1.	अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), डॉ. अम्बेडकर नगर.	अध्यक्ष
2.	श्री शशिशेखर बानवी, जाटव, निवासी धारनाका अ.जा.	सदस्य
3.	श्री मिट्टूसिंह, मांगल्या, अ.ज.जा.	सदस्य
4.	श्री हरचंद अंसारी, ग्राम बेका, तह. महू. अ.ज.जा.	सदस्य
5.	श्री नन्दकिशोर कुलमी, जामली, तह. महू सामाजिक कार्यकर्ता.	सदस्य
6.	श्री प्रहलाद सिंह ठाकुर, हॉसलपुर, तह. महू सामाजिक कार्यकर्ता.	सदस्य
7.	अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) महू	सदस्य
8.	तहसीलदार, तहसील महू	सदस्य
9.	कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, महू	सदस्य
10.	वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी, महू	सदस्य
11.	शाखा प्रबंधक, बैंक ऑफ इण्डिया, शाखा महू	सदस्य

(3) अनुविभाग (राजस्व) सांवेर

1.	अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), सांवेर	अध्यक्ष
2.	श्री रमेश पिता भेरूलाल नि. जेतपुरा, तह. सावेर, अ.जा.	सदस्य
3.	श्री सुखलाल पिता रघुनाथ मसारे, पीरकराड़िया तह. सांवेर, अ.जा.	सदस्य
4.	श्री मोहनलाल पिता जतनलाल भील, नि. सिलोदा खुर्द, अ.ज.जा.	सदस्य
5.	श्री योगेन्द्र पिता सुखदेव शर्मा, सांवेर अ.जा. सामाजिक कार्यकर्ता.	सदस्य
6.	श्री विष्णुप्रसाद शुक्ला, नि. जेतपुरा, सामाजिक कार्यकर्ता.	सदस्य
7.	अनुविभागीय अधिकारी, (पुलिस) सांवेर	सदस्य
8.	तहसीलदार, तहसील सांवेर	सदस्य
9.	कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, सांवेर	सदस्य
10.	शाखा प्रबंधक, स्टेट बैंक ऑफ, इन्दौर शाखा, सांवेर.	सदस्य
11.	वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी, सांवेर	सदस्य

(4) अनुविभाग (राजस्व) देपालपुर

1.	अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), देपालपुर	अध्यक्ष
2.	श्री रामसिंह छोत्रा, नि. पिपलौदा, अ.ज.जा.	सदस्य
3.	श्री देवीसिंह गोयल, नि. बनेड़िया, अ.जा.	सदस्य
4.	श्री रामचरण पिता रामाजी, नि. करजोदा, अ.जा.	सदस्य

5.	श्री हरिराम सोलंकी, नि. पिपलौदा, (सामाजिक कार्यकर्ता.	सदस्य
6.	डॉ. भवानीशंकर व्यास, (सामाजिक कार्यकर्ता)	सदस्य
7.	अनुविभागीय अधिकारी, (पुलिस) देपालपुर	सदस्य
8.	तहसीलदार, देपालपुर	सदस्य
9.	कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, देपालपुर	सदस्य
10.	शाखा प्रबंधक, को-ऑपरेटिव बैंक, शाखा, देपालपुर.	सदस्य
11.	वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी, देपालपुर	सदस्य

(5) **अनुविभाग (राजस्व) हातोद**

1.	अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), हातौद	अध्यक्ष
2.	श्री कैलाश बामनिया, नि. मिर्जापुर, अ.ज.जा.	सदस्य
3.	श्री कंचन मालवीय, नि. सगवाल, अ.जा.	सदस्य
4.	श्रीमती गीताबाई, नि. उषापुरा, अ.जा.	सदस्य
5.	श्री विक्रमसिंह सिसोदिया नि. रोजड़ी, (सामाजिक कार्यकर्ता).	सदस्य
6.	श्री हरीसिंह चौधरी, नि. हातोद (सामाजिक कार्यकर्ता)	सदस्य
7.	अनुविभागीय अधिकारी, (पुलिस) हातोद	सदस्य
8.	तहसीलदार, तहसील हातोद	सदस्य
9.	कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, देपालपुर	सदस्य
10.	शाखा प्रबंधक, को-ऑपरेटिव बैंक, शाखा, देपालपुर.	सदस्य
11.	वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी, हातौद	सदस्य

उपर्युक्त समितियों की तीन माह में एक बैठक आवश्यक रूप से आयोजित की जावे. जिसकी जानकारी श्रमायुक्त, मध्यप्रदेश इन्दौर को आवश्यक रूप से भेजी जावे.

आकाश त्रिपाठी, कलेक्टर.

कार्यालय, श्रम पदाधिकारी, श्रम उपसंभाग अनूपपुर, जिला अनूपपुर, मध्यप्रदेश

अनूपपुर , दिनांक 30 अगस्त 2012

क्र. -नवम-श्र.उ.सं.अ.-2012-433.—मध्यप्रदेश दुकान एवं स्थापना अधिनियम, 1958 की धारा 13 की उपधारा (3-क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए तथा राज्य शासन अधिसूचना क्रमांक एफ-4-(ई)6-98-ए-16, दिनांक 11 जनवरी 2008 राजपत्र में प्रकाशित दिनांक 25 जनवरी 2008 के अन्तर्गत प्राधिकृत मैं, श्रीमती संध्या सिंह, श्रम पदाधिकारी, अनूपपुर अपने कार्य क्षेत्र में धारा 13 की उपधारा (3-क) के अन्तर्गत निम्नानुसार स्तम्भ (1) में उल्लेखित स्थानीय क्षेत्र के लिये स्तम्भ (2) में उल्लेखित साप्ताहिक अवकाश घोषित करती हूं. जोकि अधिसूचना मध्यप्रदेश राजपत्र में प्रकाशित होने के दिनांक से प्रभावशील होगी:—

क्र.	स्तम्भ-1	स्तम्भ-2
(1)	(2)	(3)
	स्थानीय क्षेत्र/नगर का नाम	साप्ताहिक अवकाश दिन धारा 13(1)
1.	अनूपपुर	शनिवार
2.	कोतमा, जिला-अनूपपुर	शनिवार

1. समस्त हेयर कटिंग सेलून की दुकानों का साप्ताहिक अवकाश दिन मंगलवार रहेगा.

2. नगरपालिका परिषद के अन्तर्गत आने वाले समस्त क्षेत्र एवं नगरपालिका परिषद् के चारों ओर 3 किलोमीटर तक की परिधि में यह बन्द दिन प्रभावशील रहेगा.

संध्या सिंह, श्रम पदाधिकारी.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग
''निर्वाचन भवन''
58, अरेरा हिल्स, भोपाल, मध्यप्रदेश

भोपाल, दिनांक 31 अगस्त 2012

आदेश

क्र. एफ. 67-242-10-तीन-1529.—मध्यप्रदेश नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा 14-क के अनुसार महापौर के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा 14-ख के अनुसार महापौर का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ''निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997'' ''मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)'', दिनांक 6 जून 1997 में प्रकाशित हुआ है. उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर, 2009 में सम्पन्न हुए **नगरपालिक निगम रीवा जिला रीवा** के आम निर्वाचन में **श्री मोहम्मद मुस्ताक अंसारी** महापौर पद के अभ्यर्थी थे. **नगरपालिक निगम रीवा जिला रीवा** के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 15 दिसम्बर, 2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा 14-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् 14 जनवरी 2010 तक, इन्हें अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी, **रीवा** के पास दाखिल किया जाना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, **रीवा** के पत्र क्र. 664-स्था. निर्वा./11, दिनांक 2 सितम्बर, 2011 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **श्री मोहम्मद मुस्ताक अंसारी** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत न करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **श्री मोहम्मद मुस्ताक अंसारी** को कारण बताओ नोटिस दिनांक 15 सितम्बर 2011 को जारी किया गया. कारण बताओ नोटिस में अभ्यर्थी से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) इस कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एकपक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

कलेक्टर, रीवा ने अपने पत्र दिनांक 17 फरवरी 2012 के संलग्न अभ्यर्थी **श्री मोहम्मद मुस्ताक अंसारी** का कारण बताओ नोटिस मूलतः आयोग को प्रेषित किया. नोटिस में अंकित है कि "लेने से इंकार एक प्रति चस्पा की गई." इसके साथ ही आयुक्त नगर-पालिक निगम रीवा के पत्र दिनांक 09 जनवरी 2012 में भी लेख किया गया है कि "**श्री मुस्ताक अंसारी** धोबिया टंकी कमसरियत रीवा द्वारा नोटिस नहीं ली गई जिसकी प्रति चस्पा की गई है."

उपरोक्त स्थिति में कलेक्टर, रीवा के पत्र दिनांक 17 फरवरी 2012 द्वारा प्राप्त जानकारी के आधार पर मध्यप्रदेश नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा 14-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **श्री मोहम्मद मुस्ताक अंसारी** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा नगरपालिक निगम रीवा जिला रीवा का पार्षद या महापौर होने के लिए इस आदेश के तारीख से 05 वर्ष (पांच वर्ष) की कालावधि के लिए निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,
हस्ता./-
(सुभाष जैन)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

भोपाल, दिनांक 31 अगस्त 2012

आदेश

क्र. एफ. 67-261-10-तीन-1531.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी "निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997" "मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)", दिनांक 6 जून 1997 में प्रकाशित हुआ है. उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर, 2009 में सम्पन्न हुए **नगर पंचायत कोठी, जिला सतना** के आम निर्वाचन में **सुश्री पुष्पा देवी सोनी** अध्यक्ष पद की अभ्यर्थी थीं. **नगर पंचायत कोठी, जिला सतना** के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 17 दिसम्बर, 2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् 16 जनवरी 2010 तक, किन्तु 16 जनवरी 10 एवं 17 जनवरी, 10 का सार्वजनिक अवकाश होने के कारण दिनांक 18 जनवरी, 2010 तक इन्हें अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी, **सतना** के पास दाखिल किया जाना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, **सतना** के पत्र क्र. 594-स्था. निर्वा./न.पा./09-10, दिनांक 26 फरवरी, 2010 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **सुश्री पुष्पा देवी सोनी** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत न करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **सुश्री पुष्पा देवी सोनी** को कारण बताओ नोटिस दिनांक 26 मार्च, 2010 जारी किया गया. उक्त नोटिस कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी **सतना** के माध्यम से तामील करवाकर कलेक्टर, सतना के पत्र दिनांक 20 अप्रैल 2010 के संलग्न आयोग को प्रेषित किया गया. कारण बताओ नोटिस में अभ्यर्थी से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) इस कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर

प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एकपक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

कलेक्टर, सतना ने अपने पत्र दिनांक 6 मार्च 2010 के द्वारा संशोधित परिशिष्ट छत्तीस प्रेषित करते हुए लेख किया कि **सुश्री पुष्पा देवी सोनी** द्वारा विहित समयावधि के पश्चात् अर्थात् 09 दिन विलंब से 27 जनवरी 2010 को लेखे प्रस्तुत कर दिए हैं. उप जिला निर्वाचन अधिकारी, सतना ने पत्र दिनांक 18 मई 2010 में लेख किया कि अभ्यर्थी ने कारण बताओ नोटिस की तामीली उपरांत दिनांक 23 अप्रैल, 2010 को व्यय लेखा/अभ्यावेदन प्रस्तुत कर दिया है. अभ्यावेदन के संबंध में कलेक्टर, सतना से अभिमत चाहे जाने पर उन्होंने पत्र दिनांक 23 जुलाई, 2010 में लेख किया कि ''अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत अभ्यावेदन में विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा दाखिल न कर पाने का कारण पर्याप्त व समाधानकारक न होने से मध्यप्रदेश नपा. अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के तहत कार्यवाही की जाना प्रस्तावित है.''

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि अभ्यर्थी द्वारा नियत समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया एवं 09 दिवस विलंब से लेखे प्रस्तुत करने के पक्ष समर्थन में कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए हैं. अतः आयोग का यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करने में असफल रहने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अतः, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा-32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **सुश्री पुष्पा देवी सोनी** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगर पंचायत कोठी जिला सतना** का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिए इस आदेश की तारीख से 02 वर्ष (दो वर्ष) की कालावधि के लिए निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,
हस्ता./-
(सुभाष जैन)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

भोपाल, दिनांक 31 अगस्त 2012

आदेश

क्र. एफ. 67-247-10-तीन-1533.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ''निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997'' ''मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)'', दिनांक 6 जून 1997 में प्रकाशित हुआ है. उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर, 2009 में सम्पन्न हुए **नगर परिषद् हनुमना जिला रीवा** के आम निर्वाचन में **श्री देवराज केवट** अध्यक्ष पद के अभ्यर्थी थे. **नगर परिषद् हनुमना, जिला रीवा** के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 17 दिसम्बर, 2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् 16 जनवरी 2010 तक, किन्तु 16 जनवरी 2010 एवं 17 जनवरी 2010 का सार्वजनिक अवकाश होने के कारण दिनांक 18 जनवरी 2010 तक इन्हें अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी, **रीवा** के पास दाखिल किया जाना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, **रीवा** के पत्र क्र. 664-स्था. निर्वा./11, दिनांक 2 सितम्बर, 2011 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **श्री देवराज केवट** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत न करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **श्री देवराज केवट** को कारण बताओ नोटिस दिनांक 28 सितम्बर 2011 जारी किया गया. कारण बताओ नोटिस में अभ्यर्थी से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) इस कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एकपक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

कलेक्टर रीवा ने अपने पत्र दिनांक 07 जुलाई 2012 के संलग्न अभ्यर्थी **श्री देवराज केवट** का कारण बताओ नोटिस मूलतः आयोग को प्रेषित किया. नोटिस में अंकित है कि ''नोट—श्री देवराज केवट पूर्व पार्षद वार्ड क्र. 6 पेशा डाक्टरी पार्षद पद खतम होने के बाद से अपने गृह उत्तर प्रदेश चले गये है तब से लेकर आज दिनांक तक हनुमना में नहीं आये और उत्तर प्रदेश का उनका पता नहीं कि किस ग्राम किस तहसील के रहने वाले थे अतः उनसे संपर्क न होने से नोटिस सूचना आदेश तामील नहीं हो सका.''

उपरोक्त स्थिति में कलेक्टर, रीवा के पत्र दिनांक 7 जुलाई 2012 द्वारा प्राप्त जानकारी के आधार पर मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम,

